रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| Test Date | 11/08/2025 |
| --- | --- |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** नागरिकता अधिनियम के अनुसार, सामान्य स्थितियों में देशीयकरण (naturalisation) द्वारा नागरिकता के लिए आवेदन करने हेतु किसी व्यक्ति को भारत में सामान्यतः कितने वर्ष तक निवास करना होता है?

**Ans**
✔ 1. 12 वर्ष
✘ 2. 7 वर्ष
✘ 3. 10 वर्ष
✘ 4. 5 वर्ष

**Q.2** अप्रैल 2025 में, भारत के 23वें विधि आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया?

**Ans**
✘ 1. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजन गोगोई
✘ 2. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ए.के. सीकरी
✘ 3. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) कुरियन जोसेफ
✔ 4. न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दिनेश माहेश्वरी

**Q.3** निम्नलिखित में से किस अमेरिकी बायोटेक कंपनी ने 2025 में $200 मिलियन का टेक और इनोवेशन हब खोला है?

**Ans**
✘ 1. नोवावैक्स (Novavax)
✘ 2. बायोजेन (Biogen)
✔ 3. एमजेन (Amgen)
✘ 4. जेनेंटेक (Genentech)

**Q.4** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, नगरपालिकाओं के गठन के बारे में प्रावधान करता है?

**Ans**
✘ 1. अनुच्छेद 243S
✘ 2. अनुच्छेद 243X
✔ 3. अनुच्छेद 243R
✘ 4. अनुच्छेद 243Q

**Q.5** सीमेंट संयंत्रों की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थल का चयन निम्नलिखित में से मुख्यतः किसकी उपलब्धता पर निर्भर करता है?

**Ans**
✘ 1. लौह अयस्क
✔ 2. चूना पत्थर
✘ 3. कपास
✘ 4. बॉक्साइट

Q.6 भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61) के अंतर्गत किस क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई?

Ans
✗ 1. शिक्षा और स्वास्थ्य
✗ 2. कृषि
✗ 3. लघु उद्योग
✓ 4. भारी और बुनियादी उद्योग

Q.7 2025 एशियाई शीतकालीन खेलों की मेज़बानी किस देश ने की?

Ans
✗ 1. जापान (Japan)
✓ 2. चीन (China)
✗ 3. दक्षिण कोरिया (South Korea)
✗ 4. कज़ाकिस्तान (Kazakhstan)

Q.8 1864 में द्रव्यानुपाती क्रिया नियम को विकसित करने का श्रेय किन दो रसायनज्ञों को दिया जाता है, जो यह बताता है कि अभिकारकों की सांद्रता यह निर्धारित करती है कि रासायनिक परिवर्तन कितना शीघ्र होता है?

Ans
✗ 1. फ्रिट्ज़ हेबर (Fritz Haber) और कार्ल बॉश (Carl Bosch)
✗ 2. कार्ल विल्हेम शेले (Carl Wilhelm Scheele) और हम्फ्री डेवी (Humphry Davy)
✓ 3. कैटो एम गुल्डबर्ग (Cato M Guldberg) और पीटर वागे (Peter Waage)
✗ 4. जॉर्ज ब्रांट (Georg Brandt) और टोरबर्न बर्गमैन (Torbern Bergman)

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, प्रायद्वीपीय नदी है और पूर्व की ओर बहती है?

Ans
✗ 1. साबरमती
✓ 2. महानदी
✗ 3. नर्मदा
✗ 4. ताप्ती

Q.10 भारत में, शक वंश की स्थापना ________ द्वारा की गई थी।

Ans
✗ 1. रुद्रदामन।
✗ 2. नहपान
✗ 3. मीनांडर।
✓ 4. माउज़ (मोगा)

Q.11 हेमा मालिनी, जिन्हें अप्रैल 2025 में महिला सशक्तिकरण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया था, किस संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं?

Ans
✗ 1. बरेली
✗ 2. आगरा
✗ 3. मेरठ
✓ 4. मथुरा

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा, जैन धर्म का सिद्धांत नहीं है?

Ans
✗ 1. पत्थर और जल सहित सम्पूर्ण जगत में जीवन है।
✗ 2. जीवित प्राणियों को चोट न पहुँचाने की प्रथा
✗ 3. संन्यासी जीवन ही मोक्ष का एकमात्र मार्ग है।
✓ 4. कर्म के सिद्धांत की अस्वीकृति

Q.13 मार्च 2025 में, नई दिल्ली में आयोजित विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन के 24वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को किसने संबोधित किया?

Ans
✗ 1. अमित शाह (Amit Shah)
✗ 2. प्रहलाद जोशी (Pralhad Joshi)
✗ 3. पीयूष गोयल (Piyush Goyal)
✓ 4. भूपेंद्र यादव (Bhupender Yadav)

**Q.14** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में दूसरा सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व दर्ज किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. मध्य प्रदेश
- ✗ 2. महाराष्ट्र
- ✗ 3. उत्तर प्रदेश
- ✓ 4. पश्चिम बंगाल

**Q.15** मई 2025 में, किस भारतीय AI हेल्थकेयर स्टार्टअप ने दो वर्ष के भीतर सार्वजनिक होने की योजना की घोषणा की, जिसका लक्ष्य तपेदिक और स्ट्रोक जैसी स्थितियों के लिए अपने नैदानिक उपकरणों का विस्तार करना है?

**Ans**
- ✗ 1. हेल्थीफाईमी (HealthifyMe)
- ✓ 2. क्यूरे.एआई (Qure.ai)
- ✗ 3. निरमाई (Niramai)
- ✗ 4. 1एमजी (1mg)

**Q.16** बिम्सटेक (BIMSTEC) युवा शिखर सम्मेलन 2025, किस शहर में आयोजित किया गया था?

**Ans**
- ✗ 1. बेंगलुरु
- ✗ 2. मुंबई
- ✓ 3. गांधीनगर
- ✗ 4. नई दिल्ली

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, रेड डाटा पुस्तक (Red Data Book) के उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ 1. वन संरक्षण कानूनों का संकलन
- ✓ 2. संकटापन्न पादपों और जंतुओं की स्पीशीज़ का रिकॉर्ड
- ✗ 3. संरक्षित वन क्षेत्रों की सूची
- ✗ 4. वृक्ष स्पीशीज़ का संग्रह

**Q.18** निम्नलिखित में से किस देश ने म्यांमार में भूकंप के लिए ऑपरेशन (Operation Brahma) ब्रह्मा शुरू किया था?

**Ans**
- ✗ 1. भूटान
- ✗ 2. थाईलैंड
- ✓ 3. भारत
- ✗ 4. कंबोडिया

**Q.19** जनवरी 2025 में पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा लॉन्च की गई पुस्तक 'पार्लियामेंट: पावर्स, फंक्शन्स एंड प्रिविलेजेस; ए कम्पेरेटिव कॉन्स्टिट्यूशनल पर्सपेक्टिव (Parliament: Powers, Functions & Privileges; A Comparative Constitutional Perspective)' किसने लिखी है?

**Ans**
- ✗ 1. एमजे अकबर (MJ Akbar)
- ✗ 2. के नटवर सिंह (K Natwar Singh)
- ✗ 3. डॉ. राजेन सैकिया (Dr. Rajen Saikia)
- ✓ 4. डॉ. केएस चौहान (Dr. KS Chauhan)

**Q.20** ऑडियो आउटपुट के लिए डिजिटल सिग्नलों को ध्वनि में परिवर्तित करने के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस डिवाइस का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. माइक्रोफोन
- ✓ 2. स्पीकर
- ✗ 3. मॉनीटर
- ✗ 4. प्रिंटर

Q.21 धातुकर्म में प्रयुक्त कौन-सी विधि, विशेषतः कार्बोनेट अयस्कों को गर्म करके धातु ऑक्साइड के निर्माण का वर्णन करती है?

Ans
- ✗ 1. कैल्सिकरण
- ✗ 2. कार्बोनेशन
- ✓ 3. निस्तापन
- ✗ 4. क्लोरीनीकरण

Q.22 2024 में UFC (अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप) फाइट में जीत हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला पूजा तोमर किस खेल में सहभागिता करती हैं?

Ans
- ✓ 1. मिश्रित मार्शल आर्ट
- ✗ 2. कुश्ती
- ✗ 3. जूडो
- ✗ 4. बॉक्सिंग

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा, अनुदैर्ध्य तरंग का उदाहरण है?

Ans
- ✓ 1. वायु में ध्वनि तरंग
- ✗ 2. निर्वात में प्रकाश तरंग
- ✗ 3. संचरण के दौरान रेडियो तरंग
- ✗ 4. पृष्ठ पर जल तरंग

Q.24 कंप्यूटर सिस्टम के मुख्य रूप से तीन घटक कौन-से हैं?

Ans
- ✓ 1. इनपुट, प्रोसेसिंग, आउटपुट
- ✗ 2. मॉनीटर, USB, लाइट
- ✗ 3. CPU, स्कैनर, एयर कंडीशनर
- ✗ 4. माउस, CPU, मोबाइल

Q.25 प्रारंभिक वर्षों में सीमित स्वशासन प्राप्त करने के लिए कांग्रेस नेताओं का दृष्टिकोण क्या था?

Ans
- ✗ 1. विदेशी हस्तक्षेप
- ✓ 2. हिंसक विरोध प्रदर्शन
- ✗ 3. शांतिपूर्ण याचिकाएँ
- ✗ 4. क्रांतिकारी युद्ध

Q.26 संविधान में मूल नियमों को, निम्नलिखित में से क्या प्रभावी बनता है?

Ans
- ✗ 1. इन्हें लागू नहीं किया जाता है।
- ✗ 2. ये गुप्त हैं।
- ✓ 3. वे कानूनी रूप से प्रवर्तनीय हैं।
- ✗ 4. ये केवल प्रचलित रीति-रिवाजों पर आधारित हैं।

Q.27 1948 में हैदराबाद को भारत में मिलाने के लिए कौन-सा सैन्य अभियान शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. ऑपरेशन शील्ड
- ✗ 2. ऑपरेशन पीस
- ✓ 3. ऑपरेशन पोलो
- ✗ 4. ऑपरेशन लोटस

Q.28 निम्नलिखित में से किस संशोधन ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति को मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करना चाहिए?

Ans
- ✓ 1. 42वाँ संशोधन
- ✗ 2. 74वाँ संशोधन
- ✗ 3. 44वाँ संशोधन
- ✗ 4. 24वाँ संशोधन

Q.29 उदारीकरण के बाद से कृषि ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, हालांकि वितरण असमान बना हुआ है। भारत में ग्रामीण ऋण के लिए कौन-सी संस्था सर्वोच्च निकाय है?

Ans
✔ 1. नाबार्ड (NABARD)
✘ 2. एफसीआई (FCI)
✘ 3. आरबीआई (RBI)
✘ 4. सिडबी (SIDBI)

Q.30 जब वायु किसी पर्वतीय अवरोध से ऊपर उठने के लिए बाध्य होती है, तो किस प्रकार की वर्षा होती है?

Ans
✘ 1. वाताग्री वर्षा
✘ 2. चक्रवाती वर्षा
✘ 3. संवहनी वर्षा
✔ 4. पर्वतीय वर्षा

Q.31 मार्च 2025 में, लोकसभा ने कितने वर्ष पुराने औपनिवेशिक शिपिंग कानून का आधुनिकीकरण करते हुए बिल्स ऑफ लैडिंग बिल (Bills of Lading Bill) पारित किया?

Ans
✔ 1. 169 वर्ष
✘ 2. 175 वर्ष
✘ 3. 120 वर्ष
✘ 4. 150 वर्ष

Q.32 लक्षद्वीप द्वीपसमूह के दक्षिण में कौन-सा द्वीप राष्ट्र स्थित है?

Ans
✘ 1. अंडमान द्वीप समूह
✘ 2. मॉरीशस
✘ 3. श्रीलंका
✔ 4. मालदीव

Q.33 जून 2024 में RIMPAC में शामिल होने से ठीक पहले INS शिवालिक ने कौन-सा अभ्यास पूरा किया?

Ans
✔ 1. JIMEX
✘ 2. SLINEX
✘ 3. INDRA
✘ 4. AUSINDEX

Q.34 निम्नलिखित में से कौन भक्ति आंदोलन के प्रसिद्ध कवि-संत थे जिन्हे दोहों (कूपलेट) की रचना करने के लिए जाना जाता है?

Ans
✘ 1. कालिदास
✔ 2. कबीर
✘ 3. भारवि
✘ 4. भासा

Q.35 स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षित सीटें विभिन्न श्रेणियों में किस प्रकार वितरित की जाती हैं?

Ans
✘ 1. एक-तिहाई आरक्षण केवल सरपंच या अध्यक्ष जैसे नेतृत्वकारी पदों पर लागू होता है।
✔ 2. SC/ST/OBC श्रेणियों के लिए आरक्षित सीटों सहित सभी सीटों में से एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं, जिससे एक सीट, एक महिला तथा एक SC/ST/OBC उम्मीदवार के लिए एक-साथ आरक्षित की जा सकती है।
✘ 3. एक-तिहाई आरक्षण केवल ग्रामीण पंचायतों पर लागू होता है, शहरी नगर निकायों पर नहीं होता है।
✘ 4. आरक्षित श्रेणी की सीटों को छोड़कर, सामान्य (अनारक्षित) सीटों में से केवल एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं।

Q.36 वैश्वीकरण ने भारत में उपभोक्ता विकल्पों को प्रभावित किया है। कौन-सी प्रवृत्ति भारतीय उपभोक्ताओं पर वैश्वीकरण के प्रभाव को दर्शाती है?

Ans
✗ 1. कम ब्रांड विविधता
✗ 2. FMCG का एकाधिपत्य (Monopolisation)
✗ 3. विदेशी वस्तुओं में गिरावट
✓ 4. अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों की व्यापक उपलब्धता

Q.37 निम्नलिखित में से कौन-से भारतीय प्रधान मंत्री, 1991 के LPG सुधारों को शुरूआत से निकटता से जुड़े हुए हैं?

Ans
✗ 1. इंदिरा गांधी
✗ 2. राजीव गांधी
✓ 3. PV नरसिम्हा राव
✗ 4. अटल बिहारी वाजपेयी

Q.38 निम्नलिखित में से किसने वर्ष 2025 में, भारत का पहला एजेंटिक AI हैकथॉन आयोजित किया?

Ans
✗ 1. भारत इनोवेशन लैब (Bharat Innovation Lab)
✗ 2. डिजिटलनेक्स्ट एआई (DigitalNext AI)
✓ 3. टैकवांटेज.एआई (Techvantage.ai)
✗ 4. एआई नेक्सस फ़ाउंडेशन (AI Nexus Foundation)

Q.39 19वीं शताब्दी में प्रार्थना समाज की स्थापना निम्नलिखित में से किस भारतीय शहर में हुई थी, जो सभी जातियों की आध्यात्मिक समानता में विश्वास रखता था?

Ans
✗ 1. कानपुर
✓ 2. बॉम्बे
✗ 3. मैसूर
✗ 4. जोधपुर

Q.40 गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर, भारत के राष्ट्रपति ने कितने जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार-2024 प्रदान किए?

Ans
✓ 1. 49
✗ 2. 17
✗ 3. 09
✗ 4. 23

Section : **Mathematics**

Q.1 मैंने ₹1,200 में दो फ्रॉक खरीदीं। मैंने पहली फ्रॉक को 10% की हानि पर और दूसरी फ्रॉक को 15% के लाभ पर बेच दिया। यदि कुल मिलाकर मुझे न तो हानि हुई और न ही लाभ हुआ तो पहली फ्रॉक का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 740
✗ 2. 704
✗ 3. 744
✓ 4. 720

Q.2 दो क्रमागत धनात्मक प्राकृतिक संख्याओं का गुणनफल 272 है। दोनों में से बड़ी संख्या कौन-सी है?

Ans
✗ 1. 9
✓ 2. 17
✗ 3. 28
✗ 4. 36

Q.3 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।
$5(5x^2 - 7) - 5(5x^2 + 2x - 4) = 15$

Ans
✗ 1. $2$
✗ 2. $0$
✗ 3. $-1$
✓ 4. $-3$

Q.4 कितनी धनराशि (₹ में), 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 5 वर्षों में ₹2,280 हो जाएगी?

Ans
✓ 1. ₹1,900
✗ 2. ₹1,950
✗ 3. ₹1,850
✗ 4. ₹11,400

Q.5 विपुल, मोहन और मोहम्मद का औसत वजन 46 kg है। यदि विपुल और मोहन का औसत वजन 36 kg है तथा मोहन और मोहम्मद का औसत वजन 43 kg है, तो मोहन का वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 40
✓ 2. 20
✗ 3. 35
✗ 4. 30

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 726179 को विभाजित करती है?

Ans
✗ 1. 28
✓ 2. 23
✗ 3. 20
✗ 4. 29

Q.7 प्रिया किसी निश्चित कार्य को 22 दिनों में पूरा कर सकती है। प्रिया और वर्षा मिलकर उसी कार्य को 11 दिनों में पूरा कर सकती हैं, तथा प्रिया, वर्षा और निशा मिलकर उसी कार्य को 8 दिनों में पूरा कर सकती हैं। प्रिया और निशा उसी कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
✓ 1. $\frac{88}{7}$
✗ 2. $\frac{94}{9}$
✗ 3. $\frac{78}{7}$
✗ 4. $\frac{95}{8}$

Q.8 लंबाई 8 cm, चौड़ाई 5 cm और ऊंचाई 3 cm वाले घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 158 $cm^2$
✗ 2. 126 $cm^2$
✗ 3. 94 $cm^2$
✗ 4. 140 $cm^2$

**Q.9** मनोज, स्वाति और राहुल ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए क्रमशः ₹1,020, ₹1,440 और ₹1,230 का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में लाभ ₹1,260 है, तो लाभ में राहुल का हिस्सा कितना है?

**Ans**
✔ 1. ₹420
✗ 2. ₹423
✗ 3. ₹422
✗ 4. ₹421

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, 15,99,16,901 को विभाजित करती है?

**Ans**
✗ 1. 28
✔ 2. 19
✗ 3. 18
✗ 4. 25

**Q.11** एक वर्ग का परिमाप 248 m है। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 3840
✗ 2. 3816
✗ 3. 3848
✔ 4. 3844

**Q.12** यदि 54 और 18 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 3
✔ 2. 6
✗ 3. 5
✗ 4. 9

**Q.13** $2^2 + \sqrt{8^2} - 2\sqrt{4} - 11$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✔ 1. -3
✗ 2. 5
✗ 3. -7
✗ 4. 2

**Q.14** एक व्यक्ति 75 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 1.4 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 1.01 km
✗ 2. 1.18 km
✗ 3. 1.02 km
✔ 4. 1.75 km

**Q.15** पांच सदस्यों वाले परिवार का औसत वजन (kg में) कितना होगा, जिनका वजन 40 kg, 49 kg, 56 kg, 73 kg और 39 kg है?

**Ans**
✔ 1. 51.4
✗ 2. 52.4
✗ 3. 50.4
✗ 4. 53.4

Q.16 ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 113° और ∠BAC = 26° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 168° ✗
2. 166° ✗
3. 165° ✗
4. 41° ✓

Q.17 23 फरवरी 2024 को जमा की गई और 24 अप्रैल 2024 को निकाली गई ₹4,000 की राशि पर 6.75% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹44 ✗
2. ₹45 ✓
3. ₹46 ✗
4. ₹43 ✗

Q.18 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 81661 में जोड़ने पर प्राप्त योगफल 73 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 24 ✗
2. 25 ✗
3. 30 ✗
4. 26 ✓

Q.19 [290 ÷ {27 + 5 × (2 − 7)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 150 ✗
2. 140 ✗
3. 145 ✓
4. 141 ✗

Q.20 यदि माता की वर्तमान आयु का 2 गुना, उसकी पुत्री की वर्तमान आयु के 9 गुना से 27 वर्ष अधिक है, और पुत्री की वर्तमान आयु का 6 गुना, माता की वर्तमान आयु से 9 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच अंतर (वर्षों में) कितना है?

Ans
1. 23 ✗
2. 29 ✗
3. 21 ✗
4. 24 ✓

Q.21 एक स्टोर ₹32,000 की कीमत पर एक प्रिंटर बेचता है, जिसमें 9% की व्यापार छूट दी जाती है। छूट की राशि कितनी है?

Ans
1. ₹2,740 ✗
2. ₹2,880 ✓
3. ₹2,840 ✗
4. ₹2,780 ✗

Q.22 एक जैकेट का अंकित मूल्य ₹8,000 है। एक दुकानदार अंकित मूल्य पर 30% की छूट देता है। छूट के बाद, छूट वाले मूल्य पर 12% बिक्री कर जोड़ा जाता है। जैकेट का अंतिम मूल्य कितना होगा?

Ans
1. ₹6,440 ✗
2. ₹6,272 ✓
3. ₹7,248 ✗
4. ₹6,240 ✗

**Q.23** $\frac{\sin A - 2\sin^3 A}{2\cos^3 A - \cos A} + \sqrt{\text{cosec}^2 A - 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $\sec^2 A$
- ✓ 2. $\sec A \ \text{cosec} A$
- ✗ 3. $\text{cosec}^2 A$
- ✗ 4. $\sec A$

**Q.24** एक जिले की जनसंख्या 364000 है, जिसमें से 178000 पुरुष हैं। 63% जनसंख्या साक्षर है। यदि 63% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

**Ans**
- ✗ 1. 66%
- ✓ 2. 63%
- ✗ 3. 65%
- ✗ 4. 62%

**Q.25** $3^3 \times 8^2 \times 14$, $3^2 \times 14^2 \times 19$ और $8^3 \times 14^2 \times 19^2$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $3^2 \times 8^3 \times 14 \times 19^2$
- ✗ 2. $3^2 \times 8^2 \times 14^2 \times 19^3$
- ✗ 3. $3^3 \times 8^2 \times 14^2 \times 19$
- ✓ 4. $3^3 \times 8^3 \times 14^2 \times 19^2$

**Q.26** पाइप A किसी टैंक को 14 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 24 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 17 घंटे में भर सकता है। यदि वे सभी एक-साथ चालू कर दिए जाएं, तो उसी टैंक को भरने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. $10\frac{401}{491}$ घंटे
- ✗ 2. $11\frac{401}{491}$ घंटे
- ✓ 3. $5\frac{401}{491}$ घंटे
- ✗ 4. $2\frac{401}{491}$ घंटे

**Q.27** M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 3 महीने के लिए, N के निवेश से ₹70,000 अधिक निवेश करता है और N, 5 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹4,896 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹288 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹1,80,000
- ✓ 2. ₹1,50,000
- ✗ 3. ₹1,60,000
- ✗ 4. ₹1,40,000

**Q.28** ट्रेन A, स्टेशन M से 8:05 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 3:05 p.m. पर स्टेशन N पहुँचती है। ट्रेन B, स्टेशन N से 10:05 a.m. पर निकलती है और उसी दिन 3:05 p.m. पर स्टेशन M पहुँचती है। ट्रेन A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 12:10 p.m.
- ✗ 2. 12:30 p.m.
- ✗ 3. 11:50 a.m.
- ✗ 4. 12:00 p.m.

**Q.29** एक संख्या को 100% बढ़ाने पर 2700 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 2700
- ✗ 2. 675
- ✗ 3. 4050
- ✓ 4. 1350

Q.30 50 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 5 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 90% लाभ
✗ 2. $\frac{100}{45}\%$ लाभ
✗ 3. $\frac{100}{45}\%$ हानि
✓ 4. 90% हानि

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 716 893 279 546 182 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, और तीसरा अंक = 7 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

यदि दी गई संख्याओं को अवरोही क्रम में पुनर्व्यवस्थित किया जाए, तो बाएं छोर से चौथी संख्या का तीसरा अंक क्या होगा?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 6
✗ 3. 7
✓ 4. 9

Q.2 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

7 10 16 28 52 ?

Ans
✓ 1. 100
✗ 2. 99
✗ 3. 104
✗ 4. 102

Q.3 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A = B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A $ B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A * B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है।

यदि W = A $ C @ D * R है, तो W का R से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. माता
✗ 2. माता की बहन
✓ 3. माता की माता
✗ 4. बहन

Q.4 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. FMH
✓ 2. DKE
✗ 3. KRM
✗ 4. HOJ

Q.5 B बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और दक्षिण की ओर 16 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 19 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 21 km ड्राइव करता है। अंतत: वह दाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A तक फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 9 km, पश्चिम की ओर
✘ 2. 5 km, पश्चिम की ओर
✘ 3. 7 km, पूर्व की ओर
✘ 4. 4 km, उत्तर की ओर

Q.6 उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे व्यक्तियों की एक पंक्ति में, मुकुल दाएं छोर से 5वें स्थान पर है। आलोक दाएं छोर से 10वें स्थान पर है। मुकुल और रोहन के ठीक बीच में आलोक बैठा है। यदि रोहन पंक्ति के बाएं छोर से छठे स्थान पर है, तो पंक्ति में कुल कितने व्यक्ति हैं?

Ans
✘ 1. 23
✘ 2. 24
✘ 3. 26
✔ 4. 20

Q.7 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से BSWK का संबंध GXTH से है। उसी तरीके से, LCQE का संबंध QHNB से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से VMKY का संबंध किससे है?

Ans
✘ 1. BSGV
✘ 2. ZRFU
✘ 3. AQIW
✔ 4. ARHV

Q.8 सुकेश, बिंदु Y से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 25 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। बिंदु Y पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 30 km, उत्तर की ओर
✘ 2. 25 km, पूर्व की ओर
✘ 3. 14 km, दक्षिण की ओर
✘ 4. 7 km, पश्चिम की ओर

Q.9 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

981 982 986 995 1011 ?

Ans
✘ 1. 1021
✔ 2. 1036
✘ 3. 1031
✘ 4. 1026

Q.10 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'DRUM' को '2194' और 'CURD' को '4592' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' का कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 5
✘ 2. 9
✘ 3. 4
✘ 4. 2

Q.11 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संक्रियाएं उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ने तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

9, 108
16, 192

Ans
1. 12, 162 ✗
2. 6, 66 ✗
3. 11, 132 ✓
4. 14, 154 ✗

Q.12 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, ORJN एक निश्चित तरीके से ILDH संबंधित है। MPHL उसी तरह GJBF से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से TWOS किससे संबंधित है?

Ans
1. NQIM ✓
2. QNMI ✗
3. QNIM ✗
4. NQMI ✗

Q.13 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 9 8 6 1 & & 2 ^ ^ $ $ > 5 ^ 6 ^ 4 & # 6 @ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक अन्य प्रतीक है?

Ans
1. एक ✗
2. चार ✗
3. तीन ✓
4. दो ✗

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. AE-DE ✗
2. SW-VW ✗
3. CG-FG ✗
4. KO-ON ✓

Q.15 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TALK' को '5327' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LINE' को '6143' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 3 ✓
2. 4 ✗
3. 6 ✗
4. 2 ✗

Q.16 सात व्यक्ति, I, J, K, L, M, N और O, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। K के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। K और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, O के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। M, O के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। N और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. दो ✗
2. चार ✗
3. एक ✗
4. तीन ✓

Q.17 यदि संख्या 85624179 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में एक से अधिक बार आने वाले अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 12
2. 21
3. 16
4. 14

Q.18 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी शार्क, सैल्मन हैं।
कुछ सैल्मन, टूना हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ शार्क, टूना हैं।
II. कोई टूना, शार्क नहीं है।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.19 यदि संख्या 6854376 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 4 घटाया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाईं ओर से तीसरा होगा?

Ans
1. 4
2. 6
3. 8
4. 0

Q.20 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के दाएं से दूसरे स्थान पर B बैठा है। B के दाएं से दूसरे स्थान पर G बैठा है। E और G का निकटतम पड़ोसी C है। E के दाएं से दूसरे स्थान पर D बैठा है। E के बाएं से गिनने पर F और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. चार
3. दो
4. पांच

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

316 288 262 238 216 ?

Ans
1. 205
2. 196
3. 185
4. 172

Q.22 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

(63 P 2) R (24 P 3) S (98 Q 2) R (48 Q 3) R 3 = ?

Ans
1. 98
2. 84
3. 122
4. 104

Q.23 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SAIN - ANIS - NIAS
COIN - ONIC - NIOC

Ans
1. YOUR - YUOR - RUOY
2. MILE - IELM - ELIM
3. MACE - AMCE - EACM
4. FEAT - EFAT - TEAF

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

WXA UWB SVC QUD OTE ?

Ans
1. LRF
2. MRF
3. MSF
4. MRE

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

FIB27 GJC38 HKD49 ILE60 ?

Ans
1. JME71
2. JMF71
3. JME70
4. JMF70

Q.26 उत्तर की ओर अभिमुख 49 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, आमिर दाएं छोर से 22वें स्थान पर है। यदि तरुण, आमिर के बाएं 23वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से तरुण का स्थान कौन-सा है?

Ans
1. छठा
2. तीसरा
3. पाँचवाँ
4. चौथा

Q.27 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल B को C के ऊपर रखा गया है। C और A के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। केवल E को F के नीचे रखा गया है। G को A के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। A के नीचे कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
1. 3
2. 4
3. 1
4. 2

Q.28 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ निशान, टैटू हैं।
कोई टैटू, पेंटिंग नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ निशान, पेंटिंग हैं।
(II): कुछ टैटू, निशान हैं।

Ans
1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.29 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. SO-TQ
✗ 2. QM-RO
✓ 3. UQ-VR
✗ 4. WS-XU

Q.30 यदि + का अर्थ 'घटाना' है, − का अर्थ 'भाग' है, ÷ का अर्थ 'गुणा' है, × का अर्थ 'जोड़' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

49 − 1 × 480 + 40 ÷ 6 = ?

Ans
✗ 1. 290
✓ 2. 289
✗ 3. 292
✗ 4. 291